भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2682
जिसका उत्तर मंगलवार, 09 दिसम्बर, 2014 को दिया जाना है

भारी उद्योग क्षेत्र में वृद्धि

2682. श्रीमती रक्षाताई खाडसे:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने भारी अभियांत्रिकी उपकरण, ऑटोमोबाइल मशीन टूल्स और भारी विद्युत इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षेत्रों के विनिर्माण में औद्योगिक विकास का विश्लेषण किया है;
(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या इस संबंध में वांछित लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं;
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;
(ङ) क्या सरकार इन क्षेत्रों में नई औद्योगिक नीति तैयार करने पर विचार कर रही है; और
(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)

(क) से (घ): भारी उद्योग विभाग औद्योगिक विकास से संबंधित आंकड़े क्षेत्र-विशिष्ट के औद्योगिक निकायों से प्राप्त करता है। इन क्षेत्रों द्वारा प्राप्ति के लिए इस विभाग द्वारा कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किए जाते। इन क्षेत्रों में औद्योगिक कार्य-निष्पादन का ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि इस अवधि के दौरान केपिटल गुड्स सेक्टर और इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट सेक्टर में विकास की ऋणात्मक प्रवृत्ति दृष्टिगोचर है जबकि ऑटोमोटिव सेक्टर ने मामूली सकारात्मक वृद्धि दर्शाई है।

(ङ) और (च): सरकार ने ऑटोमोटिव मिशन प्लान, नेशनल इलेक्ट्रिक इक्विपमेंट इंडस्ट्री मिशन प्लान और भारतीय केपिटल गुड्स सेक्टर में प्रतिस्पर्धात्मकता वृद्धि की योजना के माध्यम से उपर्युक्त क्षेत्रों में नव-निवेशों को प्रोत्साहित करने के लिए कई पहल की हैं।

अनुबंध

उत्पाद	इकाई	2011-12	2012-13	2013-14
ऑटोमोबाइल सेक्टर				
यात्री वाहन, वाणिज्यिक वाहन, तिपहिया वाहन, दुपहिया वाहन	संख्या	2,03,82,024	2,06,26,227	2,14,81,526
हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट उद्योग क्षेत्र (आईईईएमए द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना)				
बॉयलर्स, टर्बाइन्स, जेनरेटर्स	₹करोड़ में	36,227	36,435	24,270
ट्रांसफार्मर्स	₹करोड़ में	12,375	10,510	10,270
योग	₹करोड़ में	48,602	46,945	34,540
केपिटल गुड्स सेक्टर				
मशीन टूल्स	₹करोड़ में	4,299	3,855	3,481
प्लास्टिक	₹करोड़ में	2,060	1,625	2,070
अर्थमूविंग तथा माइनिंग मशीनरी	₹करोड़ में	18,000	16,600	16,000
मेटालर्जीकल मशीनरी	₹करोड़ में	1,300	1,100	1,200
टेक्सटाइल मशीनरी	₹करोड़ में	5,280	5,650	6,480
प्रोसेस प्लांट इक्विपमेंट	₹करोड़ में	19,861	17,000	18,000
डाइज, मोल्ड और प्रैस टूल्स	₹करोड़ में	13,421	11,500	13,000
योग - केपिटल गुड्स	₹करोड़ में	64,221	57,330	60,231

****